Sports Store inaugurated by Hon'ble Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Tribune **Date: 13-12-2024**

हकेवि परिसर में कुलपति ने किया स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन

हकेवि महेंद्रगढ़ परिसर में बृहस्पतिवार को स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। -निस

नारनौल, 12 दिसंबर (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आज विश्वविद्यालय परिसर में स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद की सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

विश्वविद्यालय के एक्सईएन डॉ. रणबीर सिंह व सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में लगभग 34 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाले स्पोर्ट्स स्टोर में कार्यालय, स्टोर, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन एवं पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. जे.पी. भुक्कर, प्रो. रविंद्र पाल अहलावत सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 13 December 2024
https://epaper.dainiktrib

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 13-12-2024**

कुलपति ने किया स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन

34 लाख रुपये से तैयार होने वाले स्पोर्ट्स स्टोर में मिलेगी सुविधा

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय खेल परिसर में कार्यालय, स्टोर व प्रसाधन आदि की सुविधा से अवश्य ही खेलकूद में सक्रिय विद्यार्थियों को अभ्यास व विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवश्यक ट्रेनिंग में मदद मिलेगी।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद की सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। विश्वविद्यालय के एक्सईएन डॉ. रणबीर सिंह व सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में लगभग 34 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले स्पोर्ट्स स्टोर में कार्यालय, स्टोर, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन एवं पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध होगी।

स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : हकेंवि

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. जेपी भुक्कर, प्रो. रविंद्र पाल अहलावत सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 13-12-2024**

हकेंवि में 34 लाख की लागत से बने स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय खेल परिसर में कार्यालय, स्टोर व प्रसाधन आदि की सुविधा से अवश्य ही खेलकूद में सक्रिय विद्यार्थियों को अभ्यास व प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवश्यक ट्रेनिंग में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय के एक्सईएन डॉ. रणबीर सिंह व सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में लगभग 34 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाले स्पोर्ट्स स्टोर में कार्यालय, स्टोर, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन एवं पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. जे.पी. भुक्कर, प्रो. रविंद्र पाल अहलावत सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 13-12-2024**

हकेंवि कुलपति ने किया स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन

संस, जागरण • महेंद्रगढ़: केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में स्पोर्ट्स स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय खेल परिसर में कार्यालय, स्टोर व प्रसाधन आदि की सुविधा से खेलकूद में सक्रिय विद्यार्थियों को अभ्यास व विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता डा. रणबीर सिंह और सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में लगभग 34 लाख की लागत से तैयार होने वाले स्टोर में कार्यालय, स्टोर, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन एवं पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. जे.पी. भुक्कर, प्रो. रविंद्र पाल अहलावत सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।